# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–20 मई 2026** **सान्ध्य समाचार**

देश ने आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने अनमैन्ड एरियल व्हीकल लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल– यूएलपीजीएम–वी3 के अंतिम विकास परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

***ये परीक्षण आंध्र प्रदेश में कुरनूल के पास डीआरडीओ की टेस्ट रेंज में एयर–टू–ग्राउंड और एयर–टू–एयर, दोनों तरह से किए गए। इस दौरान, मिसाइल प्रणाली को एक एडवांस्ड इंटीग्रेटेड ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम के माध्यम से संचालित किया गया। इन परीक्षणों से विभिन्न परिस्थितियों में मिसाइल की सटीक मारक क्षमता, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता प्रदर्शित होती है। इस मिसाइल को हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत ने डीआरडीओ के साथ मिलकर विकसित किया है। पूरी तरह से स्वदेशी रूप से निर्मित ये मिसाइल आत्मनिर्भर भारत पहल की बढ़ती उपयोगिता को दर्शाती है। इससे देश के भीतर रक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। विजयवाड़ा से अल्लु मुरली की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।***

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यू.एल.पी.जी.एम.– वी–3 मिसाइल के सफल विकास परीक्षणों को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक उपलब्धि बताया है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने जनगणना 2027 के तहत जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को आज खारिज कर दिया। अदालत ने कहा है कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि पिछड़े वर्गों से जुड़े कल्याणकारी उपाय तैयार करने के लिए सरकार को उनकी संख्या जानना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस तरह के आंकड़े एकत्र करने में कोई बुराई नहीं है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल जनसुरक्षा को देखते हुए रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रसित या अत्यधिक खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिए जाने की अनुमति दे दी। एक रिपोर्ट–

***न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि उन क्षेत्रों में कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिया जा सकता है जहां कुत्तों की आबादी खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है और जहां कुत्तों के लगातार काटने और आक्रामक हमलों की घटनाओं से जन सुरक्षा खतरे में पड़ रही हो। न्यायालय द्वारा यह आदेश लावारिस कुत्तों के काटने और रेबीज के मामले से जुडी मीडिया की खबरों के बाद पिछले वर्ष 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान के मामले में जारी किया गया। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने कहा है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराने से करीब 7 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। समिति के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद पी.पी. चौधरी ने कल शाम गुजरात के गांधीनगर में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कदम से देश के सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर में 1 दशमलव 6 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

***हमें जो इनपुट मिला है उसमें हमने और कहा है इसको और इंप्रूव करो और एक रोल मॉडल के रूप में हम पूरे देश में सारे सरकार को हम भेजेंगे भई इस रूप में आप हमें अपनी रिपोर्ट प्रिपेयर करके दो जैसे इंडस्ट्रीज डिपार्टमेंट करें इंडस्ट्रीज में क्या लॉस होता है प्रोडक्शन का कितना लॉस होता है लेबर एक तरफ से दूसरी तरफ माइग्रेट करती है। मैंने सबको कहा अपनी रिपोर्ट प्रिपेयर करें और उनका संकलन करके आगे दे सकें।***

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा दो हजार छब्बीस की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि एक दिन और बढ़ा दी है। उम्मीदवार अब तेइस मई तक आवेदन जमा करा सकते हैं।

**********

प्रदेश भर में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित आसपास के कई जिलों समेत पश्चिमी जिलों में भी जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। मौसम विभाग ने बाईस मई तक राज्य में कुछ स्थानों पर भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में रात में भी उमस भरी गर्मी पड़ने की आशंका है। एक रिपोर्ट–

***कई स्थानों पर दिन का अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। रातें भी असामान्य रूप से गर्म हो गई हैं और रात के समय भी तापमान 30 डिग्री के पास पहुंच रहा है। पारा बढ़ने से आम जनजीवन पर तो असर पड़ा ही है, पशु और पक्षी सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। दिन चढ़ते ही सड़क सुनी हो जा रही हैं और अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों की तादाद बढ़ गई है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ***

भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए प्रदेश के कुछ जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में मौसम के शुष्क रहने के साथ–साथ तेज सतही हवाएं चलने की भी संभावना जतायी है।

**********